108 एंबुलेंस कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः प्रदेश में संचालित 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों ने जय अंबे सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर वेतन में कटौती, समय पर भुगतान नहीं करने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले करीब चार वर्षों से उन्हें वेतन संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वेतन करीब दो माह की देरी से दिया जाता है, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।

कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं संबंधित अधिकारियों से कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कर्मचारियों के अनुसार 1 मई से लगातार न तो समय पर वेतन दिया जा रहा है और न ही पूरा भुगतान किया जा रहा है। उनका आरोप है कि कर्मचारियों को परेशान करने की नीयत से अल्प वेतन का भुगतान किया जा रहा है। कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि कंपनी को निर्देशित किया जाए कि प्रत्येक माह की 5 तारीख तक कर्मचारियों को वेतन का भुगतान अनिवार्य रूप से किया जाए। इसके साथ ही बकाया वेतन एवं न्यूनतम वेतन का शीघ्र भुगतान कराया जाए। कर्मचारियों का कहना है कि उनसे निर्धारित समयावधि से अधिक कार्य लिया जा रहा है, जबकि उन्हें इसके अनुरूप भुगतान नहीं किया जा रहा है।

हटाए गए कर्मचारियों को पुनः ज्वाइन कराने की मांगः कर्मचारियों ने 108 एंबुलेंस सेवा से प्रबंधन द्वारा मनमाने एवं अन्यायपूर्ण तरीके से हटाए गए अथवा होल्ड किए गए कर्मचारियों को तत्काल पुनः सेवा में ज्वाइन कराने की मांग की है। साथ ही प्रदेश में कार्यरत सभी 108 एंबुलेंस कर्मचारियों को सात दिन के भीतर अनिवार्य रूप से जॉइनिंग लेटर उपलब्ध कराने की मांग रखी गई है।

एंबुलेंस में पर्याप्त दवाइयां एवं संसाधन उपलब्ध कराने की मांग : कर्मचारियों ने 108 एंबुलेंस में पर्याप्त संसाधन, आवश्यक दवाइयां एवं ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होने की समस्या भी उठाई है। उनका कहना है कि संसाधनों की कमी के कारण कई बार मरीजों को समय पर आवश्यक उपचार नहीं मिल पाता, जिससे कर्मचारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से नियमित ऑडिट कराकर सभी एंबुलेंस में पर्याप्त दवाइयां, संसाधन एवं ऑक्सीजन उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि दुर्घटना अथवा आपात स्थिति में मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके।

10 सितंबर से आंदोलन की चेतावनीः कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया और उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे 10 सितंबर 2026 से औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 22(1)(बी) के तहत क्रमबद्ध आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि आंदोलन की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित कंपनी एवं विभाग की होगी। कर्मचारियों ने शासन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से मांगों पर शीघ्र संज्ञान लेते हुए वेतन भुगतान, न्यूनतम वेतन, सेवा संबंधी अधिकारों तथा एंबुलेंस में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग की है।

ठेका श्रम अधिनियम के तहत कार्रवाई की मांग

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि प्रदेश में 108 एंबुलेंस सेवा का संचालन जय अंबे प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है तथा कंपनी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से 30 दिसंबर 2021 को टेंडर मिला था। कर्मचारियों का कहना है कि ठेका श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1970 के तहत आवश्यक लाइसेंस एवं पंजीयन की प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने शासन के संबंधित परिपत्रों का हवाला देते हुए कंपनी के पंजीयन एवं लाइसेंस की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा कर्मचारियों ने माननीय उच्च न्यायालय के 13 जुलाई 2021 के आदेश का पालन सुनिश्चित कराने की मांग भी की है। उनका कहना है कि आदेश के अनुरूप कर्मचारियों को मिलने वाले अधिकारों एवं भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और इसकी जानकारी कर्मचारी संघ को दी जाए।

गोस्वामी श्री तुलसीदासजी का जयंती महोत्सव आज

विदिशा। स्थानीय किरी मोहल्ला स्थित श्रीरघुनाथजी मंदिर में आज श्रावण शुक्ल सप्तमी 19 अगस्त बुधवार को सायंकाल 7.30 बजे परमहंस विवेकी संत शिरोमणि गोस्वामी श्री तुलसीदासजी महाराज का जयंती महोत्सव परंपरानुसार दिव्य-भव्य रूप में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा।

इस महोत्सव की अध्यक्षता धर्मसंघ के अध्यक्ष के.एन. शर्मा करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि धर्मगुरु-धर्माचार्य धर्माधिकारी पं.गिरधर गोविन्द प्रसाद चतुर्वेदी शास्त्री होंगे।

विशिष्ट अतिथि श्रीराधाजी मंदिर के मुखिया पं. मनमोहन शर्मा एवं श्रीबालाजीजी मंदिर के पुजारी पं. श्यामसुंदर चतुर्वेदी रहेंगे। श्रीरघुनाथजी के मंदिर के पुजारी पं.बालकृष्ण शर्मा एवं व्यवस्थापक अशोक अग्रवाल तथा महोत्सव के संयोजक डॉ.कपिल चतुर्वेदी ने समस्त श्रद्धालुओं से जयंती महोत्सव में पधारने का आग्रह किया है।

खास-खबरें

ग्वालियर-चंबल को मिली रेल कनेक्टिविटी की नई सौगात, वीरपुर तक पहुंची ट्रेन

नईदुनिया, प्रतिनिधि, भोपालः ग्वालियर-चंबल अंचल में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में बड़ी सौगात मिली है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ब्रॉडगेज में परिवर्तित कैलारस-सबलगढ़-वीरपुर रेल खंड का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस दौरान ग्वालियर-कैलारस ट्रेन सेवा का वीरपुर तक विस्तार करते हुए हरी झंडी दिखाई गई। 56 किलोमीटर लंबे कैलारस-वीरपुर रेल खंड के शुरू होने से मुरैना और श्योपुर जिले के 100 से अधिक गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। वीरपुर, विजयपुर और सबलगढ़ अब ग्वालियर से सीधे जुड़ गए हैं। इससे ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षित, सस्ती और सुगम यात्रा के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों तक बेहतर पहुंच मिलेगी। सिंधिया ने इसे ग्वालियर-चंबल के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रेल विस्तार से ग्वालियर-चंबल और मालवा क्षेत्र के बीच बेहतर संपर्क बनेगा तथा नए औद्योगिक कॉरिडोर के विकास को गति मिलेगी। रेल मंत्री ने बताया कि मध्य प्रदेश का वार्षिक रेल बजट 2009-14 के औसत 632 करोड़ रुपये से बढ़कर 2026-27 में 15,188 करोड़ रुपये हो गया है। राज्य में करीब 1.55 लाख करोड़ रुपये की रेल परियोजनाएं प्रगति पर हैं। राज्य के 80 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

शाला प्रभारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक में लंबित कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश

नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलवानी के सभाकक्ष में बालक एवं कन्या जन शिक्षा केंद्र सिलवानी के अंतर्गत आने वाली शालाओं के प्रभारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी रूपेंद्र सिंह ठाकुर ने विद्यालयों में लंबित कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, अपार आईडी, निशुल्क साइकिल वितरण, विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, ईको क्लब, नवभारत साक्षरता अभियान, मध्यान्ह भोजन, ड्रॉपबॉक्स, गणवेश सत्यापन, मैपिंग और 'एक पेड़ मां के नाम' सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

2 प्रतिशत महंगाई भत्ता सहित विभिन्न मांगों को लेकर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के आह्वान पर प्रदेशभर में कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपे गए। इसी क्रम में सीहोर जिला मुख्यालय पर संघ के अध्यक्ष पं. अखिल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों की तरह प्रदेश में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को महंगाई से राहत देने के लिए 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता/महंगाई राहत 1 जनवरी 2026 से प्रदान करने के आदेश शीघ्र जारी किए जाएं। संघ ने नवनियुक्त कर्मचारियों की नियुक्ति के प्रथम तीन वर्षों में 70 प्रतिशत, 80 प्रतिशत एवं 90 प्रतिशत वेतन भुगतान के बंधन को समाप्त करने की मांग भी की। संघ का कहना है कि इस व्यवस्था के कारण कर्मचारियों को तीन वर्षों में लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि जबलपुर उच्च न्यायालय द्वारा भी 12 दिसंबर 2019 के इस आदेश को निरस्त किया जा चुका है।

संभाग स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए छात्र-छात्राओं का दल भोपाल रवाना

नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः मध्यप्रदेश शासन के शिक्षा विभाग के अंतर्गत आयोजित शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में सेंट एसआरएस पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं का दल संभाग स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भोपाल रवाना हुआ।

प्रतियोगिता 18 से 20 अगस्त 2026 तक भोपाल में आयोजित की जा रही है। विद्यालय के खिलाड़ियों में ख्याति साहू, जाह्नवी भावसार, शिफा खान, पलक राय, अनुतिन दांगी, दीक्षा शिल्पकार, सौम्या शर्मा एवं यतिन दुबे शामिल हैं। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं और बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। खिलाड़ियों में प्रतियोगिता को लेकर उत्साह नजर आया।

प्रतिभा का सम्मान समाज का अभिमान प्रतिभावान बच्चों को दिया पुरस्कार

नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः जिला गुजराती सेन समाज संगठन एवं प्रयास सेन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 का आयोजन किया गया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 175 प्रतिभावान बच्चों को शील्ड और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही वरिष्ठ समाजजनों का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती और सैन जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बालिकाओं ने सरस्वती वंदना और वंदे मातरम् की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश खींची ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि समाजसेवी जितेंद्र पटेल (इंदौर), भारतीय सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज सेन (पलसूद), प्रतापगढ़ के मुख्य जिला अधिकारी एवं सिविल सर्जन डॉ. धीरज सेन

और नीमच के वरिष्ठ समाजसेवी रमनकुमार गेहलोत मौजूद रहे। अध्यक्षता गुजराती सेन समाज संगठन के जिलाध्यक्ष बलराम राठौर और जिला युवाध्यक्ष किशोर देवड़ा ने की।

अध्यक्षीय उद्बोधन में बलराम राठौर और किशोर देवड़ा ने युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने बच्चों को निरंतर मेहनत कर समाज और परिवार का नाम रोशन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन, बच्चों के परिजन तथा पश्चिम निमाड़, सेंधवा और धामनोद से आए समाजजन मौजूद रहे।

कौटिल्य गुरुकुलम स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

गंजबासौदा। कौटिल्य गुरुकुलम स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का पर्व उत्साह, उमंग और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थितजनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के डायरेक्टर के.एस. यादव द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने भारत माता के जयकारों के साथ देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

नन्हे विद्यार्थियों ने देशभक्ति की कविताएं प्रस्तुत कीं और देशप्रेम से जुड़े गीतों की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। बच्चों की प्रस्तुतियों में देश के प्रति प्रेम और उत्साह साफ नजर आया।

उपाध्यक्ष के वार्ड में गंदगी और जल संकट नगर परिषद की व्यवस्था पर उठे सवाल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः नगर परिषद भैरूंदा की व्यवस्थाओं पर उस समय सवाल खड़े हो गए, जब नगर परिषद उपाध्यक्ष को अपने ही वार्ड क्रमांक 14 की समस्याओं को लेकर परिषद कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों की बैठक बुलानी पड़ी।

उपाध्यक्ष ने बताया कि वार्ड में करीब 15 दिनों से सफाई व्यवस्था प्रभावित है। पेयजल आपूर्ति के समय में भी अनियमितता है और बिना नल कनेक्शन वाले परिवारों को जलकर के बिल मिलने की शिकायतें सामने आई हैं।

बैठक में उपाध्यक्ष ने संगोष्ठी भवन के पीछे जमा कचरे के ढेर और नियमित सफाई नहीं होने की समस्या प्रमुखता से उठाई। उन्होंने बताया कि कभी सुबह 7:30 बजे तो कभी 8 बजे पानी की सप्लाई होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ रामप्रसाद भावरे ने जल प्रभारी को पेयजल आपूर्ति का समय निर्धारित करने और बिना नल कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं के गलत जलकर बिलों में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। मुख्य सफाई दारोगा और वार्ड सफाई दारोगा को कचरा हटाने तथा पूरे वार्ड में नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

सीएमओ ने स्पष्ट किया कि अगले दिन से व्यवस्थाओं में सुधार दिखाई देना चाहिए और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब नगरवासियों की निगाह इस बात पर है कि निर्देशों के बाद वार्ड में सफाई, नियमित जलापूर्ति और बिलों की समस्या का स्थायी समाधान होता है या नहीं।

विदिशा में 30 फीट ऊंचे पुल से कूदी छात्रा, सेल्समैन ने उफनती नदी में लगाई छलांग, 150 मीटर तैरकर बचाया

नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः विदिशा में मंगलवार सुबह एक छात्रा ने करीब 30 फीट ऊंचे बेतवा बायपास पुल से उफनती नदी में छलांग लगा दी। छात्रा को डूबता देख रायसेन निवासी निजी कंपनी में सेल्समैन विनोद पटेरिया ने बिना देर किए नदी में छलांग लगा दी। वह करीब 150 मीटर तैरकर छात्रा तक पहुंचे और उसे पकड़कर किनारे ले आए।

नदी से बाहर निकालने के बाद छात्रा सांस नहीं ले पा रही थी। मौके पर मौजूद युवाओं ने तत्काल उसे संभाला और शरीर से पानी निकालने का प्रयास किया। इसके बाद छात्रा को पास के मंदिर में ले जाया गया, जहां युवाओं ने सीपीआर देकर उसकी जान बचाई। घटना के दौरान छात्रा को बचाने और सीपीआर देने का वीडियो भी सामने आया है।

पुल पर खड़ी थी छात्रा, पास में मिली स्कूटीः विनोद पटेरिया ने बताया कि मंगलवार सुबह वह बाइक से विदिशा की ओर जा रहे थे। पड़रिया सोठिया के पास बेतवा बायपास पुल पर वे कुछ देर के लिए रुके। इसी दौरान उनकी नजर पुल पर खड़ी एक लड़की पर पड़ी। उसकी स्कूटी भी पास में खड़ी थी। पटेरिया ने छात्रा से पूछा कि वह यहां क्यों खड़ी है, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने दोबारा उससे बात करने की कोशिश की। इसी बीच छात्रा अचानक पुल पर चढ़ी और नदी में छलांग लगा दी। छात्रा को नदी में गिरते देख पटेरिया ने पुल से गुजर रहे वाहन चालकों को रोककर मदद मांगी।

उन्होंने बताया कि एक लड़की नदी में कूद गई है और उसे बचाने के लिए मदद की जरूरत है। पटेरिया के मुताबिक, किसी वाहन चालक ने रुककर मदद नहीं की। इसके बाद वह पुल के नीचे नदी की ओर दौड़ पड़े। रास्ते में उन्हें दो युवक मिले। उन्होंने दोनों को घटना की जानकारी दी और छात्रा को बचाने के लिए नदी की ओर चलने को कहा। दोनों युवक भी उनके साथ नदी तक पहुंचे।

उफनती नदी में कूदे, 150 मीटर तैरकर छात्रा को पकड़ाः छात्रा को पानी में डूबते देख विनोद पटेरिया ने नदी में छलांग लगा दी। वह तैरते हुए करीब 150 मीटर दूर छात्रा तक पहुंचे। उन्होंने छात्रा को पकड़ा और उसे लेकर किनारे की ओर तैरने लगे। साथ पहुंचे दोनों युवकों ने भी छात्रा को पानी से बाहर निकालने में मदद की। नदी से बाहर आने के बाद छात्रा की हालत गंभीर थी। वह सांस नहीं ले पा रही थी। मौके पर मौजूद युवाओं ने तुरंत उसे संभाला और प्राथमिक तौर पर उसकी हालत सुधारने का प्रयास किया।

स्कूल बैग में मिले रजिस्टर से परिजन को दी सूचनाः छात्रा के कंधे पर स्कूल बैग था। युवाओं ने बैग खोलकर उसमें रखा रजिस्टर देखा। रजिस्टर में छात्रा का नाम और मोबाइल नंबर दर्ज था। उसी नंबर पर फोन कर घटना की जानकारी दी गई। कुछ देर बाद एक युवक मौके पर पहुंचा। इसके बाद छात्रा को एंबुलेंस की मदद से विदिशा जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज कराया गया। अस्पताल ले जाने से पहले छात्रा को पास के मंदिर में ले जाया गया था। वहां युवाओं ने सीपीआर देकर उसकी सांस सामान्य करने का प्रयास किया। इसके बाद उसकी हालत में सुधार आया। बताया जा रहा है कि छात्रा की हालत अब ठीक है और उसका इलाज जारी है।

सेंट एसआरएस स्कूल में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

गंजबासौदा। स्थानीय सेंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद राहुल ठाकुर और विशिष्ट अतिथि पार्षद मणि भाई अहिरवार मौजूद रहे। अतिथियों ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण के बाद विद्यालय की बाल कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान बाल कैबिनेट के सदस्यों के साथ संस्था के डायरेक्टर, प्राचार्य एवं प्रभारी सहित अन्य सदस्यों ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अतिथियों ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व और देश के प्रति अपने कर्तव्यों के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, मेहनत और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य उमेश चंद्र यादव और श्रीमती रजनी गुप्ता ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम शुरू

नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मेरा युवा भारत रायसेन और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के टीबी सेल के समन्वय से पांच दिवसीय अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम 18 से 22 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। पहले दिन युवाओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें क्षय रोग के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार की जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों ने बताया कि टीबी उपचार योग्य बीमारी है। समय पर जांच और नियमित उपचार से मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। युवाओं को टीबी की रोकथाम, पोषण, स्वच्छता और बीमारी से जुड़े भ्रम एवं भेदभाव को दूर करने में उनकी भूमिका के बारे में भी जानकारी दी गई।

युवाओं से टीबी उन्मूलन अभियान से जुड़कर समुदाय में जागरूकता फैलाने और लोगों को समय पर जांच व उपचार के लिए प्रेरित करने की अपील की गई। आगामी दिनों में प्रतिभागियों को टीबी उन्मूलन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों और स्वास्थ्य सेवाओं की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में अनुभागीय अधिकारी मनीष शर्मा, सीएमएचओ डॉ. दिनेश खत्री, जिला क्षय रोग अधिकारी यशपाल बाल्यान, मेरा युवा भारत रायसेन की उप निदेशक मोनिका चौधरी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का शीघ्रता से हो निराकरणःकलेक्टर

नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः कलेक्टर अंशुल गुप्ता को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी व्यक्तिगत व सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए और पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिले। जनसुनवाई में कुल 166 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 89 आवेदनों का मौके पर

निराकरण किया गया।

जनसुनवाई में शमशाबाद तहसील के ग्राम मोही निवासी आवेदिका चंदा सेन ने अपनी पुत्री राशि सेन के आधार कार्ड में जन्मतिथि सुधार में आ रही समस्या से अवगत कराया मौके पर ही इस आवेदन को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को बालिका के आधार कार्ड में हुई जन्मतिथि के सुधार कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम चक्र कुरवाई निवासी वृंदावन अहिरवार ने अपनी स्वर्गीय माताजी के निधन उपरांत संबल योजना की राशि दिलाने की मॉग की।

पुलिस ने मुरैना के पांच शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः भाटपचलाना थाना पुलिस ने पांच जिलों में 15 से अधिक चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए मुरैना के पांच शातिर आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से करीब साढ़े तीन किलो चांदी के आभूषण, 1.52 लाख रुपये नकद सहित कुल 11.27 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया है। आरोपित दिन में फेरी लगाने के बहाने सूने मकानों की रेकी करते और रात में ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस और ग्राम रक्षा समिति

की संयुक्त टीम ने तकनीकी सहायता से घटनास्थलों और आने-जाने वाले रास्तों के 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इसके बाद आरोपितों की लोकेशन ट्रेस कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित उज्जैन जिले के उन्हेल, नागदा, इंगोरिया और भाटपचलाना सहित शिवपुरी, मुरैना, ग्वालियर और पन्ना में चोरी की वारदातें कर चुके हैं। आरोपितों ने उन्हेल में किराये का कमरा ले रखा था, जहां से आसपास के क्षेत्रों में वारदात की योजना बनाते थे।

फेरी की आड़ में करते थे रेकीः गिरफ्तार आरोपितों की पहचान राहुल उर्फ बल्ली, अंकित, विजय, पन्नालाल और एंदनसिंह के रूप में हुई है। सभी मुरैना जिले के माताबसैया थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार आरोपित दिन में बर्तन या अन्य सामान बेचने के बहाने गलियों में घूमकर सूने मकानों की रेकी करते थे। रात में बोल्ट कटर, सब्बल और अन्य औजारों से ताले तोड़कर जेवरात व नकदी चोरी कर फरार हो जाते थे।

चांदी के आभूषण और वाहन जब्तः पुलिस ने आरोपितों से उन्हेल और नागदा से चोरी किए गए चांदी के आभूषण, होंडा मोटरसाइकिल, बजाज डिस्कवर बाइक और चोरी में इस्तेमाल बोल्ट कटर, टामी व सब्बल सहित अन्य सामान जब्त किया है। आरोपितों के खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से 15 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज बताए गए हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपितों का आपराधिक नेटवर्क उज्जैन के अलावा मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी और पन्ना तक फैला है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सतेन्द्र सिंह चौधरी, उपनिरीक्षक प्रतीक यादव, राजीव सिंह चौहान सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।